आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

बागवानी–सीएम

राज्य सरकार सेब बागवानी के कायाकल्प के लिए करीब 5 सौ करोड़ रूपये की समर्पित परियोजना तैयार करने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में एक बैठक में बताया कि इस परियोजना की अवधि 5 वर्ष की होगी। उन्होंने कहा कि सरकार उच्च घनत्व पौधरोपण को बढ़ावा देकर बागवानों की आय में वृद्धि का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने बागवानी गतिविधियों को सशक्त करने के लिए विविधिकरण पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि किसानों और बागवानों को उत्पादों के उचित दाम सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा ज़िला स्तर पर आधुनिक कोल्ड स्टोर विकसित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार चुनावी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही है। कांगड़ा ज़िले में ज्वाली क्षेत्र के राजकीय विद्यालय कुठेड़ के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा में गुणवत्ता को सर्वोपरि मानते हुए शिक्षा क्षेत्र में कई बदलाव कर रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों का भरपूर सदुपयोग हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

कैलेंडर

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में वर्ष 2025 का सरकारी कैलेंडर जारी किया। मुद्रण व लेखन सामग्री विभाग द्वारा तैयार किए गए इस कैलेंडर में सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी इस दौरान मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि

1971 के भारत–पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की याद में आज विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश में भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंडी में एक कार्यक्रम में ज़िला प्रशासन व विभिन्न विभागों ने शहीदों को याद किया। समारोह में

शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया। दूसरी ओर, धर्मशाला के राज्य युद्ध स्मारक में भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में नौवीं कोर योल के मेजर जनरल अनिल चंदेल ने विजय दिवस के अवसर पर युवाओं से देश के वीर जवानों से प्रेरणा लेने का आहवान् किया और कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाने की ज़रूरत है।

प्रदर्शन

प्रदेश सरकार की गेस्ट टीचर भर्ती पॉलिसी को लेकर विरोध शुरू हो गया है। इस नीति को लेकर शिमला में आज शिक्षित बेरोज़गारों ने प्रदर्शन कर सरकार से इसे वापस लेने की मांग की। युवाओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने एक लाख नौकरियां देने का वायदा कर युवाओं से वादाखिलाफी की है। दूसरी ओर गेस्ट टीचर पॉलिसी के विरोध में मंडी में भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने प्रदर्शन किया। संगठन के प्रदेश संयोजक विशाल ठाकुर ने कहा कि ये पॉलिसी लागू कर सरकार अपने चहेतों को नौकरी देने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यदि इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो विद्यार्थी परिषद् प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी।

अपील

चम्बा ज़िले के बैरा सिउल बांध के जलाशय की फ्लशिंग का कार्य 18 दिसंबर से किया जाना है। ये कार्य करीब 8 दिनों तक जारी रहेगा और ऐसे में बैरा बांध से निरंतर पानी छोड़ा जाएगा। बांध प्रबंधन ने आम लोगों को जलाशय और निचले इलाकों में नदी किनारों से दूर रहने की सलाह दी है।

मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ बना हुआ है। इसके बावजूद लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में कई प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। मैदानी इलाकों में भी घने कोहरे के चलते शीतलहर बढ़ गई है। इसे देखते हुए ऊना ज़िला प्रशासन ने लोगों से स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर ज़रूरी सावधानियां बरतने का आग्रह किया है। ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपायुक्त जतिन लाल के अनुसार तापमान में लगातार गिरावट के चलते आने

वाले दिनों में शीतलहर और धुंध का असर और बढ़ सकता है। इधर मौसम विभाग ने आगामी छह दिनों तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

..........................................................................................................................................